Issuing Commemorative Stamp

2218. SHRI P. UPENDRA : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether it is *fact* that the centenary of a great social play in Telgu, Kanyasulkam by the immortal poet Gurujada Appn Rao, was observed recently in Andhra Pradesh:

(b) whether the Central Government has recognised the event; if so. what action has been taken in this regard-,

(e) whether a request was made for issuing a commemorative stamp on the occasion; and

(d) if so, what are the reasons for Government's not responding to this request?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU) :

(a) Intimation about plans for such an observance was received.

(b) No action was taken by the Department of Posts in this regard,

(c) Yes, Sir.

(d) It was not possible to accede to this proposal due to inadequate time for necessary processing and the heavy schedule for release of new stamps already finalised.

स्मारक डाक टिकटों का जारी किया जाना

2219. **श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी** : क्या संचार मंत्री 1 दिसम्बर, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं. 1212 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को प्रख्यात साहित्यकार और पद्मभूषण से अलंकृत डा. वृन्दावन लाल वर्मा की स्मृति में स्मारक डाक टिकट जारी करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या डा. वृन्दावन लाल वर्मा की स्मृति में उनकी जन्मतिथि 9 जनवरी अथवा पुण्यतिथि 23 फरवरी को स्मारक डाक टिकट जारी करने की कोई योजना/प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) :

(क) जी हां ।

(ख) इस प्रस्ताव को फिलैटलिक सलाहकार समिति के सम्मुख विचारार्थ रखा गया था । किन्तु समिति ने इसकी सिफारिश नहीं की ।

(ग) जी नहीं ।

उत्तर प्रदेश में मंडलों में टेलीफोन सलाहकार समिति के सदस्य

2220. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या संचार मंत्री 1 दिसम्बर, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं. 1211 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में मंडलीय टेलीफोन कार्यालयों में टेलीफोन सलाहकार समितियों का पुनर्गठन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इलाहाबाद, वाराणसी और लखनऊ मंडलों की समितियों को छोड़कर अन्य समितियों के सदस्यों के नाम क्या-क्या हैं;

(ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) ऐसी समितियों का कब तक गठन कर दिया जायेगा ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) मंडल टेलीफोन कार्यालयों के लिए कोई टेलीफोन सलाहकार समितियां गठित नहीं की जाती हैं । इनका गठन केवल टेलीफोन जिलों/सर्किलों के लिए ही किया जाता है ।

(ख) (1) आगरा (2) कानपुर (3) गाजियाबाद और (4) मेरठ के लिए गठित की गई टेलीफोन सलाहकार समितियों के सदस्यों के नाम विवरण में दिए गए हैं जिसे सभा पटल पर रख दिया गया है ।